संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -168 शनिवार, 20 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




### संक्षिप्त खबरें

## अमित शाह ने गांधीनगर लोकसभा सीट से भरा नामांकन



**गांधीनगर,19 अप्रैल 2024(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शाह इस सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हैं। अमित शाह ने अपराह्न ठीक 12 बजकर 39 मिनट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस समय को 'विजय मुहूर्त' माना जाता है। उन्होंने जब यहां गांधीनगर जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा, उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उनके साथ थे। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

## आईपीएस अधिकारी नलिन प्रभात बने एनएसजी प्रमुख



**नई दिल्ली,19 अप्रैल 2024(ए)।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रभात आंध्र प्रदेश कैडर के 1992 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी एवं वर्तमान में सीआरपीएफ के अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल के रूप में काम कर रहे हैं।

# देश में 21 राज्यों के पहले चरण का मतदान समाप्त

**"लोकसभा के फर्स्ट फेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग पूरी हुई है... सुबह 7 बजे से शाम 6 हुई वोटिंग में 66.92 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया... सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत वोटिंग त्रिपुरा में हुई,जबकि सबसे कम 48 प्रतिशत वोटिंग बिहार में हुई...फाइनल वोटिंग प्रतिशत अभी नहीं आया है...सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है... दो राज्यों पश्चिम बंगाल और मणिपुर में वोटिंग के दौरान हिंसा की भी हुई...इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए...अरुणाचल प्रदेश में 64 प्रतिशत और सिक्किम में 68 प्रतिशत लोगों ने राज्य में सरकार बनाने के लिए वोट डाले..."**

**नई दिल्ली,19 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान शुक्रवार को समाप्त हो गया। 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एवरेज वोटिंग 62.8 प्रतिशत रही। सबसे अधिक वोटिंग त्रिपुरा में हुआ,वहां 80.06 प्रतिशत वोटिंग हुई है। बिहार में सबसे कम 47.74 प्रतिशत वोटिंग हुई है। पहले चरण में 102 सीटों पर प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर लगी है। जिन प्रमुख राज्यों में मतदान हुई, उनमें बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल भी शामिल हैं। सीटों के लिहाज से यह लोकसभा चुनाव 2024 का सबसे बड़ा चरण है। पहले चरण के मतदान में कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी है। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर मतदान हु। यहां बीजेपी के स्टार नेता व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई, डीएमके की कनिमोझी, डीएमके के दयानिधि मारन का भविष्य तय होगा। हिंदी पट्टी में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ, जितिन प्रसाद, किरिन रिजिजू जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।



### नागालैंड में पहली बार 6 जिलों के सभी 4 लाख वोटर्स ने नहीं डाला वोट 9 घंटे इंतजार करते रहे चुनावकर्मी

लोकसभा चुनाव को लेकर नागालैंड के छह पूर्वी जिलों में मतदान कर्मी बूथों पर नौ घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन क्षेत्र के चार लाख मतदाताओं में से एक भी मतदान करने नहीं आया। फ्रंटियर नागालैंड क्षेत्र की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए बंद का आह्वान किया गया था। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार को ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन की एफएनटी की मांग से कोई समस्या नहीं है क्योंकि वह पहले ही इस क्षेत्र के लिए स्वायत्त शक्तियों की सिफारिश कर चुकी है। ईएनपीओ पूर्वी क्षेत्र के सात आदिवासी संगठनों का शीर्ष निकाय है।

अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन और अन्य आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर पूर्वी नागालैंड की सड़कों पर आम लोगों या वाहनों की कोई आवाजाही नहीं है।

नागालैंड के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी आवा लोरिंग ने कहा कि क्षेत्र के 738 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदानकर्मी मौजूद थे, जिसमें 20 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. सीईओ कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि उन नौ घंटों में कोई भी वोट डालने नहीं आया. साथ ही 20 विधायकों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया.।

### 20 विधायकों ने नहीं डाला वोट, होगी कार्रवाई? क्या वोट नहीं डालने के लिए पूर्वी नागालैंड के 20 विधायकों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी?

इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, हम टकराव नहीं चाहते. देखते हैं क्या होगा। नागालैंड में लोकसभा चुनाव शुरू होने के कुछ घंटे पहले ही ईएनपीओ ने गुरुवार शाम 6 बजे से राज्य के पूर्वी हिस्से में अनिश्चितकालीन पूर्ण बंद का आह्वान किया था। साथ ही आगाह किया था कि यदि कोई मतदान करने जाता है और कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसका जिम्मेदार संबंधित मतदाता होगा।

### नदी में डूबी ईवीएम लेकर जा रहे अधिकारी की नाव रुका रहा मतदान

असम के लखीमपुर क्षेत्र में ईवीएम के नदी में डूबने का मामला सामने आया है। बता दें कि आज पहले चरण के तहत देश भर में मतदान की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में मतदान के दौरान एक ईवीएम खराब हो गया। खराब ईवीएम को बदलने के लिए एक वाहन को लेकर जा रही नाव अचानक नदी में डूब गई। अधिकारियों ने बताया कि नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नाव डूब गई। वहीं इस घटना में उस वाहन में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) भी पानी में आंशिक रूप से डूब गई।

### पहले चरण की वोटिंग हुई समाप्त, सभी राज्यों का वोटिंग प्रतिशत

अंडमान निकोबार 56.87 प्रतिशत
अरूणाचल प्रदेश 65.49प्रतिशत
असम 71.39प्रतिशत
बिहार 47.74प्रतिशत
छत्तीसगढ़ 63.41प्रतिशत
जम्मू कश्मीर 65.08प्रतिशत
लक्ष्दीप 59.02 प्रतिशत
मध्य प्रदेश 63.50 प्रतिशत
महाराष्ट्र 55.29 प्रतिशत
मनीपुर 68.62 प्रतिशत
मेघालय 70.84 त्न
मिजोरम 54.18 प्रतिशत
नागालैंड 56.77 प्रतिशत
पुडुचेरी 73.25 प्रतिशत
राजस्थान 51.07 प्रतिशत
सिक्किम 68.06 प्रतिशत
तमिलनाडु 62.19 प्रतिशत
त्रिपुरा 79.92 प्रतिशत
यूपी 57.66 प्रतिशत
उत्तराखंड 53.65 प्रतिशत
पश्चिम बंगाल 77.57 प्रतिशत

## कूचबिहार में भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में पथराव

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच पथराव हो गया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कूचबिहार के तूफानगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पोलिंग बूथ पर हिंसा की। तृणमूल एजेंट्स से मारपीट की गई है, इसमें कई घायल हैं। टीएमसी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हथियारों के साथ बूथ के सामने खड़े होकर मतदाताओं को डरा रहे हैं।इस इलाके में गुरुवार रात भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंसा की और तृणमूल के अस्थाई दफ्तर में आगजनी की।टीएमसी ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। भाजपा ने भी तृणमूल के कार्यकर्ताओं पर हिंसा का आरोप लगाया है।



# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव की याचिका पर सुनवाई की स्थगित

**नई दिल्ली,19 अप्रैल 2024(ए)।** -सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को योग गुरु बाबा रामदेव की उस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें कोविड-19 महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर दर्ज एफआईआर के संबंध में उनके खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले की पीठ ने बिहार और छत्तीसगढ़ सरकारों द्वारा रामदेव के खिलाफ दर्ज एफआईआर की स्थिति के संबंध में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए और समय मांगने के बाद मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में, पतंजलि के संस्थापक ने अपने खिलाफ सभी एफआईआर को एक साथ जोड़ने और उन्हें दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की है। उन्होंने अपने खिलाफ दायर कई मामलों की कार्यवाही पर रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने का भी अनुरोध किया है।





# यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर को बैंक धोखाधड़ी मामले में मिली जमानत

**मुंबई,19 अप्रैल 2024(ए)।** यहां एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को 466.51 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर को जमानत दे दी, जिससे उनके चार साल बाद जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कपूर को मार्च 2020 में मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था, और उन पर बैंक में धोखाधड़ी से संबंधित आठ मामलों में मामला दर्ज किया गया है। बैंकर को अब सभी मामलों में जमानत मिल गई है। कपूर के वकील राहुल अग्रवाल ने कहा कि वे उनकी रिहाई को जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के लिए जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं। अदालत ने कपूर को उनके और अवंता समूह के प्रमोटर गौतम थापर के खिलाफ कथित तौर पर 466.51 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन के हेरफेर के लिए आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी और जालसाजी में शामिल होने के सीबीआई के मामले में जमानत दे दी है।



# ममता बनर्जी ने कहा पश्चिम बंगाल में यूसीसी लागू नहीं होने देंगे



**मुर्शिदाबाद,19 अप्रैल 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में आए प्रवासी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे चल रहे लोकसभा चुनावों में मतदान किए बिना न जाएं, उन्होंने आरोप लगाया कि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं अपने अधिकार का प्रयोग करें, भारतीय जनता पार्टी उनकी नागरिकता छीन लेगी । उन्होंने यह भी कसम खाई कि वह राज्य में सीएए, एनआरसी या समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी।

# अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ ईओडब्ल्यू-एसीबी की क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने किया स्वीकार



**रायपुर,19 अप्रैल 2024(ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस खत्म हो गया है। रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर दायर क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। 16 अप्रैल को कोर्ट ने अपने एक आदेश में एजेंसी की ओर से दायर क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इस रिपोर्ट से साफ हो गया है कि अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का कोई मामला नहीं बनाया जा सकता है।

# अमेरिकी डॉलर देने की साजिश का पर्दाफाश

» एक महिला सहित 5 बांग्लादेशी गिरफ्तार

» 17 सिम कार्ड, 15 मोबाइल और अमेरिकी डॉलर

» पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ

**नई दिल्ली,19 अप्रैल 2024(ए)।** दिल्ली एनसीआर में अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। गाजियाबाद जिले के कौशांबी इलाके में लोगों को डॉलर देने का लालच देकर धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला समेत पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस रैकेट की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है ताकि मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया जा सके।पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटिल ने कहा कि पुलिस ने कौशांबी इलाके से बांग्लादेशी नागरिकों साबिर, अब्दुल रहीम, अमन, नवीन शेख और रुखसाना को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अमेरिकी डॉलर के पांच नकली बंडल, पांच आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड, 17 सिम कार्ड और 15 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त होने के बाद साइबर धोखाधड़ी की भी आशंका जताई जा रही है। आरोपी साइबर ठगी में शामिल थे या नहीं, यह अभी सामने नहीं आया है।



# हैवान बना युवक

## युवती के मुंह में लाल मिर्च पाउडर भरकर फेवीक्विक से चिपका दिया होंठ

**भोपाल,19 अप्रैल 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के गुना में एक मकान हड़पने के लिए दरिंदगी की हदें पार करने का एक खौफनाक मामला सामने आया है। इस मामले में अयान पठान नामक युवक ने लड़की की पहले जमकर पिटाई की फिर उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। पठान की दरिंदगी यहीं नहीं रुकी फिर उसने मुंह में लाल मिर्च पाउडर भरकर होंठ फेवीक्विक से चिपका दिए। पीड़िता इस समय अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। युवती के पिता का देहान्त हो चुका है। पैतृक मकान है जिसकी रजिस्ट्री माँ के नाम है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अयान उसका पडौसी है। अयान पठान की नजर पीड़िता के पैतृक निवास पर थी। अयान चाहता था कि युवती उसके मकान की रजिस्ट्री अयान के नाम करा दे। जब युवती ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई, आंखों में मिर्ची उड़ेल दी गई। युवती और अयान काफी समय से संपर्क में थे। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



CMYK

## संपादकीय

# उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे संकल्प पत्र' कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुफ्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है। गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आसन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा-नारी-किसान-श्रमिक-आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है। इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े-बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।

# आखिर कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली

## छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है...इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं...इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है...वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं...

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित ज़िलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित ज़िलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है



उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं। माओवादियों के थिंक-टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग ज़िले के नक्सलबाड़ी नामक गाँव से हुई और इसीलिये इस उग्रपंथी आंदोलन को नक्सलवाद के नाम से जाना जाता है। ज़मींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीडन् पर अंकुश लगाने के लिये सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किये गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मज़दूरों और किसानों की दुर्दशा के लिये सरकारी नीतियाँ ज़िम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और ज़मीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे ज़मीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहाँ जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहाँ न सड़कें हैं, न पीने के लिये पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही रोजग़ार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं।

नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुँच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मज़बूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वजह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है, जिसमें अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। सरकार नक्सली चरमपंथ से निबटने के लिये बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें सुरक्षा एवं विकास से संबंधित उपाय तथा आदिवासी एवं अन्य कमज़ोर वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने से संबंधित उपाय शामिल हैं। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल संपर्कता का यथासंभव विस्तार करने के भी प्रयास कर रही है।

सरकार की इस नीति के परिणामस्वरूप नक्सलियों के हौसले कमज़ोर हुए हैं तथा उनके आत्मसमर्पण की संख्या लगातार बढ़ रही है। विमुद्रीकरण ने भी नक्सलियों को पहुँचने वाली वित्तीय सहायता पर लगाम लगाई है और इसके बाद से अब तक 700 से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेज़ी से काम कर रही है और वर्ष 2022 तक 48877 किमी. सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिये सरकार बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाने का काम कर रही है। इसके तहत कुल 4072 टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर पर पुलिस की दवाब बनाने की सक्रिय कार्रवाई और विकास बहुआयामी योजनाओं से नक्सली समस्या जड़मूल से समाप्त हो सकेगी।

-योगेन्द्र योगी-

# डीएमआरसी की कानूनी जीत बाबुओं के लिए गंभीर क्षण

एक दशक से अधिक पुराने मामले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले के निर्देश को पलटकर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को एक बड़ी जीत सौंपी है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने डीएमआरसी को अनिल अंबानी की कंपनी, दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लिमिटेड (डीएएमईपीएल) को 8,000 करोड़ रुपये का मध्यस्थता पुरस्कार देने का आदेश दिया था। अदालत का पलटवार न्याय की भारी गड़बड़ी का हवाला देते हुए, मध्यस्थ प्रक्रिया का एक गंभीर अभियोग है। नतीजतन, दिल्ली उच्च न्यायालय में निष्पादन की कार्यवाही रोक दी गई और डीएमआरसी को अत्यधिक भुगतान करने के दायित्व से मुक्त कर दिया गया। इसके अलावा, अदालत ने दोनों पक्षों को फैसले से पहले की स्थिति में बहाल करने के उद्देश्य से डीएमआरसी द्वारा पहले ही जमा की गई राशि वापस करने का निर्देश दिया। यह कानूनी विवाद 2008 के एक रियायत समझौते से उत्पन्न हुआ, जो दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस



लाइन के निर्माण, संचालन और रखरखाव को नियंत्रित करता था। तनाव तब बढ़ गया जब डीएएमईपीएल 2012 में डीएमआरसी द्वारा अनसुलझे संरचनात्मक दोष का दावा करते हुए अनुबंध समाप्त कर दिया। आगामी कानूनी लड़ाई में, डीएएमईपीएल ने 2017 में जीत हासिल की, जिससे डीएमआरसी को अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की अत्यधिक देनदारी का भुगतान करना पड़ा। अब, वह मामला बंद हो गया है। लेकिन यह फैसला हमारे लिए विचार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू को रेखांकित करता है -सरकारी संस्थाओं और निजी फर्मों से जुड़े मध्यस्थता विवादों में निहित अप्रत्याशितता और जटिलता। 12 साल तक खिंचा यह मामला यह भी दर्शाता है कि भारत में न्यायिक प्रक्रियाएँ कितनी धीमी और टेढ़ी-मेढ़ी हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अपने मामले को प्रभावी ढंग से और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करने में सरकारी बाबुओं की जवाबदेही और पारदर्शिता पर गंभीर चिंतन को प्रेरित करता है, खासकर सार्वजनिक हित और महत्वपूर्ण वित्तीय निहितार्थों के मामलों में। वन अधिकारियों ने सहकर्मी की मौत की जांच की मांग की मेघालय में हाल ही में एक सहकर्मी की आत्महत्या से भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) के अधिकारी काफी परेशान हैं। मुख्य वन संरक्षक एन. लुइखम ने हाल ही में अपने आधिकारिक आवास में फांसी लगाकर दुखद रूप से अपनी जान ले ली। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने आईएफओसी एसोसिएशन की केंद्रीय इकाई से लुइखम की मृत्यु की परिस्थितियों की गहन जांच और उनके निर्णय में योगदान देने वाले लोगों के लिए जवाबदेही की मांग को जन्म दिया है। सूत्रों ने डीकेबी को सूचित किया कि एसोसिएशन के महासचिव सुनीश बक्सी ने मेघालय के मुख्य सचिव डोनलैंड फिलिप्स वाहलांग को पत्र लिखकर दावा किया है कि लुइखम पर पिछले महीने एक कनिष्ठ सहकर्मी ने यौन उत्पीड़न का झूठा आरोप लगाया था और इन वजहों से वह तनाव और मानसिक आघात में था। आरोप. कथित तौर पर श्री बक्सी ने इन आरोपों के लिए एक शक्तिशाली खनन लॉबी के दबाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसके खिलाफ लुइखम ने रुख अपनाया था। जांच में अधिकारी के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिलने के बावजूद, उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया था। अधिकारी की मृत्यु के दुष्परिणामों को संपूर्ण IFOS समुदाय ने गहराई से महसूस किया है, जो देश भर में अधिकारियों के मनोबल के लिए एक आघात के रूप में प्रतिध्वनित होता है। एसोसिएशन ने लुइखम की आत्महत्या की सीबीआई जांच की मांग की है। अधिकारी के पूर्व सहकर्मी इस त्रासदी को जन्म देने वाली परिस्थितियों को कायम रखने में भूमिका निभाने वाले किसी भी व्यक्ति को जवाबदेह ठहराने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई पर जोर देते हैं। चुनाव आयोग ने प्रमुख आईपीएस पदों को भरने के लिए गुजरात सरकार पर दबाव डाला भारतीय चुनाव आयोग ने गुजरात सरकार पर गाज गिरा दी है. 26 लोकसभा सीटों और पांच विधानसभा सीटों के लिए नामांकन जारी होने के साथ, चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को राज्य में रिक्त पदों को भरने के लिए तुरंत आईपीएस अधिकारियों की एक सूची सौंपने का निर्देश दिया है। यह कदम आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर उठाया गया है, जिसके तहत राज्य सरकारों को कोई भी नियुक्ति या पदोन्नति करने से पहले चुनाव आयोग की मंजूरी लेनी होगी। ऐसे उपायों का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया पर किसी भी अनुचित प्रभाव को रोकना है। सूरत पुलिस आयुक्त और तीन रेंज महानिरीक्षकों के साथ-साथ खेड़ा और मेहसाणा के पुलिस अधीक्षक जैसे प्रमुख पदों पर रिक्ति की स्थिति दो महीने से अधिक समय से बनी हुई है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि देरी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं, जैसे पिछले साल चार आईपीएस अधिकारियों का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना और पांच अधिकारियों को एक ही लोकसभा क्षेत्र में तीन साल के लिए विस्तारित पोस्टिंग के कारण चुनाव आयोग द्वारा अवकाश रिजर्व पर रखा जाना। बेशक, देरी का एक अन्य कारक, जिसका स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, वह यह है कि गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्तियाँ प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) से हरी झंडी के बाद ही की जाती हैं। लेकिन अब चुनाव आयोग के नेतृत्व में नियुक्तियों को तेजी से लागू किया जाएगा।

-दिलीप चेरियन-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं।इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचैन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रु झान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों-ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग-अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है।इस बार के चुनाव को अचानक उठ खड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमड़ने लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है। गौर करने की बात है कि जहां 2014 में भाजपा 71 सीट जीती थी, वहीं 2019 में पुलवामा और बालाकोट की लहर के बावजूद उत्तर प्रदेश में उसकी सीट घट कर 62 हो गई थीं, इस बार तो कोई लहर भी नहीं है। इस कारण लगता है कि मतदाता ने खामोशी बरतते हुए मतदान के दिन ही फैसला सुनाने का निश्चय कर लिया है।राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियां और समीक्षकों की समीक्षा तथा एग्जिट पोल वालों को अक्सर मतदाता झुठलाता दिखता रहा है। बहरहाल, हमें 4 जून का इंतजार करना होगा और उसका इंतजार भविष्य को भी है, और भारत में रुचि रखने वाली दुनिया में भी सभी को।

-डॉ. सी.पी. राय-

# क्या हार के डर से ईवीएम खराब है?

ईवीएम से चुनाव होता है। पारदर्शिता चुनाव लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है और इसके बिना तो लोकतंत्र की परिकल्पना करना भी मुश्किल है।



**संजय गोस्वामी,**
अनुशक्तिनगर,
मुंबई

चुनाव के द्वारा जनता (लोग) अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। भारत में निर्वाचन आयोग लोक सभा, राज्य सभा, राज्य विधान सभाओं, देश के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचनों का संचालन करता है। ईवीएम से चुनाव होता है पारदर्शिता चुनाव लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है और इसके बिना तो लोकतंत्र की परिकल्पना करना भी मुश्किल है। चुनाव के द्वारा जनता (लोग) अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। भारत में निर्वाचन आयोग लोक सभा, राज्य सभा, राज्य विधान सभाओं, देश के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचनों का संचालन करता है। ऐसे संस्थान या परिषद जो रजिस्टर होता है को चलाने हेतु भी चुनाव का सहारा लेना पड़ता है जो सदस्यों द्वारा आम सभा बुलाकर किया जाता है। चुनाव को लोग हमेशा जीतने की दृष्टिकोण से ही देखते है जिससे ईमानदार व कभी सच्चे लोग नहीं मिलते हैं। तब संस्था लूट का शिकार हो जाती है। इसका मुख्य कारण है लोभ लोभ एक ऐसी मनोविकार है जो उसे गड्ढे में धकेल देता है। एक साधारण से चुनाव का उदाहरण लेते है। मान लें क़ोई चैर्टी कमीशनर से मान्य संस्था है जो किसी संस्था द्वारा फंड मिला है या जो सदस्य होते हैं वो एक अच्छी खासी



रकम सदस्यों से मिलता है। जब 400 सौ होता है तो मनमानी ढंग से ए जी एम बुलाकर 1000 रूपये कर देते हैं और जब चुनाव आता है तो सब कुछ नियम की धज्जिया उड़ाते हुए अपना साइड का इलेक्शन ऑफसर बनाते हैं। और जब क़ोई उम्मीदवार अस्पताल में भर्ती भी हो जाए तो भी नियम का हवाला देकर बैलेट को बाहर लेकर खुद ही ट्रिक कर बहुत ही चालाकी से ऑनलाइन रिजल्ट शो कर जबरदस्ती जीत दर्ज करते हैं। ऐसे में क़ोई विरोध करे तो उसपर मनगढंत आरोप लगाना चालू करते है। ऐसे चुनाव अलोकतान्त्रिक और कानून की धज्जियाँ उड़ा देते है और कहते हैं हम तो आप ही के लिए खड़ा थे और फिर अगले चुनाव में भी नजर आते हैं।और मनमानी करते हैं क़ोई कुछ बोलता नहीं और खूंटा गाड़ देते हैं। इससे परिषद का नाम ख़राब होता है और अच्छे लोग उससे बाहर निकलते हैं और एक छत्र राज करते हैं। ऐ मत भूलो कल क्या होगा ऐ हमेशा याद रखो की आपने चुनाव कराने के लिए ना तो आम सभा बुलाया और कौन से अधिकार से चुनाव अधिकारी रिजल्ट मनमानी ढंग से कर सकता है । यही है बैलेट पेपर का चुनाव, 0धांधली और बूथ कैप्चर जो लोकतान्त्रिक नहीं है। इवीएम मशीन कभी गलत नहीं होता ना ही क़ोई इसे लूट सकता है और ना ही बैलेट पेपर या मत पत्र बदल सकता है क्योंकि उसमें जीपीएस से लैस होता है । और मॉक पोल में इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में 50 मौक पोल किए जाते हैं जो वीवीपैट से जो पर्ची आती है उसका मिलान किया जाता है। तभी ईवीएम मशीन को सील किया जाता है और उस समय जो फॉर्म सी एजेंट व पोलिंग अफसर को दिया जाता है। वही काउंटिंग के समय दिखा दिया जाता है और मतों की गणना की जाती है जो बिलकुल पारदर्शी होता है क्योकि जो आप वोट देते है। उस उम्मीदवार की पर्ची वी वीपैड से गिरते हुए दिखता है। अतः ईवीएम से चुनाव बिलकुल पारदर्शिता होता है उसपर यदि क़ोई सबाल करे तो जहाँ जीत मिलती वहाँ चुप हो जाते हैं और जहाँ से जनता हार का जनादेश देती है उसी में क्यों खोट निकाल देते हैं। आखिर वैलेट पेपर पर धांधली हो और ऐसा ही चुनाव चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में देखा गया और सुप्रीम कोर्ट ने नतीजा पलट दिया ऐ मेयर का चुनाव है। इसलिए मायने रखता है लेकिन किसी सोसाइटी या परिषद के चुनाव में धांधली होती है। तो लोग इस मुद्दे को डर से ठन्डे बसते में डाल देते हैं और जनादेश का अपमान होता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

### चलो मतदान करें

चलो मतदान करें,और कर्तव्यों का पालन करें
योग्य प्रत्याशी को जानें परखें,और चुनाव करें।
प्रत्याशी यहाँ बहुत हैं, पर! सेवक कौन-कौन हैं
मतदाता ही परखे और,वही इसका चुनाव करें।
हीरे की पहचान एक, जौहरी ही कर सकता है
देशभक्त की पहचान मतदाता ही कर सकता है।
देशभक्त देश की, जन-सामाज की, सेवा करेगा
मिट्टी को समझेगा और उसाका,सम्मान करेगा।
भारत माता को,और इस देश के जनसमाज को
समर्पित,मिलनसार और जुझारु नेता ही चाहिए।
जो गाँव ,गरीब,मजदूर,किसानों को समझ सके
जो उनकी भय,भूख,गरीबी,बेबसी दूर कर सके।
अभी आया है, अवसर आपके चुनाव करने का
आपको ही चुनना है इस देश का भाग्य-विधाता।
आपका मत, इस देश, के लिए, बहुत कीमती है
इस कीमती मत से ही अपने भविष्य बना पाएंगे।
जब हमारा भविष्य अच्छा होगा तभी हम अपने
लोकतंत्र और संविधान को मजबूत बना पाएंगे।



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी फिंगेश्वर गरियाबंद
छत्तीसगढ़

### चुनाव

अभी चल रहा निर्वाचन का पूरा दौर।
जनता का भीड़ बना नेताओं का ठौर।।
अभी चल रहा आरोप प्रत्यारोप का बारी।
स्वयं को बता रहा जनता का हितैषी भारी।।
आम जनता बना नेता के खास।
जा रहा नेता सभी जनता के पास।।
घोषणा मे बता रहा योजना भारी।।
जिससे लुभा सके जनता को सारी।।
एक दूजे की खामियां गिना रहा बड़ी जोर।
खुद को पाक बताने मिलकर कर रहा शोर।।
जनता को बता रहा सभी मेरा अपना।
दिखा रहा अब कोई और मीठी सपना।।
अकेला ना बने तो करते गठबंधन जोर।
स्वार्थ सिद्ध ना हो तो करते ये सब शोर।।
आम जनता बैठा अभी गंभीर भारी।
सोच रहा इसबार दें हम किसको पारी।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**डॉ.राजीव डोगरा**
जनयानकड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

### माँ

जो तुम जन्नत ढूंढ रहे
वो सिर्फ मां के आंचल में।
जो तुम मोहब्बत ढूंढ रहे
वो सिर्फ मां की गोद में।
जो तुम लगाव ढूंढ रहे
वो बस माँ की आंखों में।
जो तुम स्वर्ग ढूंढ रहे
वो बस माँ के पांव में।
जो तुम उल्लास ढूंढ रहे
वो बस माँ की बाहों में।
जो तुम तड़प ढूंढ रहे
वो बस माँ की आहो में।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुलना चाहिए : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को प्रचंड मतों से जिताने की अपील







- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित विजय संकल्प जनसभा में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में जैसे सरगुजा संभाग में कांग्रेस पार्टी का खाता नहीं खुला,सुपड़ा साफ हो गया वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में खाता नहीं खुलना चाहिए? पूरी 11 सीटें जीताकर मोदी को सौंपनी है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है यह तो नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है मोदी जी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए 24 घंटो में 18 घंटे गांव, गरीब , किसान , युवा और महिलाओं की चिंता करते हुए काम करते हैं।आज विश्व में देश की 140 करोड़ जनता का जो मान बढ़ा है वो मोदी जी की ही देन है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन् पर काम कर रहे हैं। 7 मई को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर सरगुजा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को प्रचंड मतों से जीताकर संसद में भेजना है। इस दौरान सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित विजय संकल्प जनसभा में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, क्लस्टर प्रभारी एवं पूर्व मंत्री बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, सह क्लस्टर प्रभारी रामसेवक पैकरा, संभागीय संगठन प्रभारी राजा पांडे, लोकसभा चुनाव प्रभारी लखन लाल साहू, सह प्रभारी चम्पा देवी पावले, जिला सरगुजा प्रभारी ज्योति नंद दुबे, लूंड्रॉ विधायक प्रबोध मिंज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सूरजपुर विधायक भुलन सिंह मरावी, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, सूरजपुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, बलरामपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, लोकसभा संयोजक कमलभान सिंह, सह संयोजक अखिलेश सोनी, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, भीमसेन अग्रवाल, जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे, अनुराग सिंह देव, भारत सिंह सिसोदिया, विजय नाथ सिंह तथा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ पैकरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इतिहास बनाने वाला है यह चुनाव : राम विचार नेताम

छत्तीसगढ़ शासन में केबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने इस अवसर पर कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। इतिहास बनाने वाला है। मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। श्री नेताम ने जोरदार नारा लगाते हुए कहा कि अबकी बार 400 पार उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि आपकी चिंता करने चिंता मणी महाराज है। हमारी सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए बड़े बड़े काम किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दी हुई गारंटी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार पूरी कर रही हैं।

### सेमीफाइनल जीत लिया है अब फाइनल की बारी है

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा संभाग के ही लाड़ले सपूत है। श्री साव ने उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि सरगुजा संभाग को कांग्रेस मुक्त बनाने का काम आप सभी ने किया है इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को सरगुजा संभाग की जनता ने उखाड़ फेंका। जिस आपने विधानसभा चुनाव में मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जताया उसी तरह लोकसभा में भी कांग्रेस का सुपड़ा साफ होना चाहिए। 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरगुजा आ रहें हैं तो उनको यह महसूस होना चाहिए कि सरगुजा संभाग कांग्रेस मुक्त हो चुका है। विधानसभा का चुनाव सेमीफाइनल था जिसे हमनें जीत लिया अब लोकसभा का चुनाव फायनल हैं उसे जीतना है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सरगुजा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को भारी मतों से जिताने की अपील की।

## शंख वादक राम जनम योगी ने 4 मिनट से भी अधिक समय तक किया शंखनाद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।



भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के नामांकन रैली में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट प्रवेश मार्ग में नामांकन के लिए जाते समय विश्व विख्यात शंख वादक राम जनम योगी बनारस ने एक सांस में चार मिनट से भी अधिक समय तक शंखनाद कर सबको अचरज में डाल दिया। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के रैली और सभाओं में कई बार शंखनाद कर चुके हैं। राम जनम योगी ने दावा किया कि उन्होंने मॉरिशस में 30 मिनट तक शंख बजाया था। गंगा आरती के समय बनारस में वे पीएम मोदी के समक्ष कई बार शंख बजा चुके हैं। नामांकन के लिए जाते समय कलेक्ट्रेट मार्ग के दोनो ओर बनारस का विशेष डमरू दल भी मौजूद रहा, दोनो ओर से पुष्प वर्षा की गई।

# संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा : राधिका खेड़ा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।




कांग्रेस प्रवक्ता व छत्तीसगढ़ की मीडिया प्रभारी राधिका खेड़ा ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय स्थित राजीव भवन में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव हार-जीत के लिए महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि देश के संविधान को बचाने के लिए काफी महत्वपूर्ण है। एक तरह संविधान की रक्षा के लिए चुनाव लड़ी जा रही है तो भाजपा संविधान को खत्म करने के लिए चुनाव लड़ रही है। संविधान खतरे में है। ये लोग कहते है कि 400 सीटें लाकर दिजिए, ताकि हम संविधान बदल सकें। मोदी की सरकार देश का संविधान बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। उसका उदाहरण है कि भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ में आरक्षण बिल लाई, जिसे भाजपा के राज्यपाल ने आज तक पास नहीं किया। मोदी जी पूरा देश अपने दोस्तों को बेंच रहे हैं। सवाल पूछने का हक भी भाजपा ने छीन ली है। महिला, किसान और युवा सभी विरोध कर रहे हैं। भाजपा सरकार उन्हें धमका रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र में प्रधान मंत्री का 45 से अधिक फोटो अलग-अलग पोज में लगे हैं। संकल्प पत्र में मुद्दे की बात कहीं पर नहीं है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ से 8-9 सीट जीतने का दावा किया है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेश महामंत्री जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, आशिष वर्मा, डीके शर्मा, अनुपम फिलिप सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### आदिवासी विरोधी हैं प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी विरोधी हैं। आदिवासी महिला राष्ट्रपति का भी उन्होंने अपमान करने का काम किया है। लालकृष्ण आडवाणी को दिए जा रहे भारत रत्न पुरस्कार कार्यक्रम में जो तस्वीर सामने आई है वह काफी अपमान जनक है। राष्ट्रपति के सामने कुर्सी पर बैठें रहे यह संविधान में पहली बार ऐसा देखने को मिला है।

# नाबालिग लडक़ी का अपहरण कर किया बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।



नाबालिग लडक़ी को घर में अकेला छोडक़र परिवार वाले बाहर गए थे। इधर एक युवक ने लडक़ी को अपहरण कर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को एक परिवार अपनी नाबालिग लडक़ी को घर में छोडक़र बाहर गया था। 17 अप्रैल को वापस लौटा तो उसकी नाबालिग बेटी नहीं थी। आस-पास पता करने पर उसका कहीं पता नहीं चला तो वह मामले की रिपोर्ट उदयपुर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 363 कायम कर बालिका की तलाश कर रही थी। मामले में पुलिस ने सुखलाल उम्र 20 वर्ष निवासी बड़ेगांव मुड़ापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह लडक़ी का अपहरण करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नाबालिग लडक़ी को बरामद किया है। नाबालिग लड़की ने पुलिस को बताया कि आरोपी जबरन उसे बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था और उसके साथ बलात्कार भी किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 366, 376 (2) (ढ) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 5, 6 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# तेज धूप ने लोगों को किया बेहाल,तापमान 40.5 डिग्री



- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

गर्मी अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शुक्रवार का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया है। सुबह आठ बजे तक तो थोड़ी राहत थी लेकिन इसके बाद सूर्यदेव की तीखी किरणों का सामना करना लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। सुबह 10 बजते-बजते गर्म हवा भी शुरू हो जा रही है। ऐसे में लोग घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। मौसम के रूख को देखते हुए लोग घरों में दुबके रहे। धूप की तल्खी व गर्म हवा के प्रकोप से न सिर्फ मनुष,बल्कि पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। वहीं अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रात में भी अब गर्मी का असर दिखना शुरू हो गया है। पंखे बेअसर साबित हो रहे हैं। लोग अब कुलर व एसी का सहरा ले रहे हैं। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार अप्रैल के महीने में उत्तर छत्तीसगढ़ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री की सीमा को पार करता ही है। विशेषतया अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में सूर्य की किरणें तीक्ष्ण, शुष्क और चिलचिलाहट भरी होती है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से नमीयुक्त बादलों की आवाजाही बनी हुई थी जिसके कारण कई इलाकों में हल्की वर्षा भी दर्ज की गई थी और वातावरण का तापमान सामान्य के नीचे बना हुआ था। अब वातावरण में कोई उल्लेखनीय व्यवधान इस समय नहीं है और लगातार पश्चिमी और पश्चिमोत्तरी हवाएं ही इन क्षेत्रों में आ रही हैं, जिससे धूप की तपिस में लगातार वृद्धि हुई है। एक पछुआ इस समय जरूर सुदूर उत्तर भारत पर प्रभावी जिससे अगले दो-तीन दिनों में बादलों की सघनता बढने् की संभावना रहेगी परन्तु तापमानों में आंशिक गिरावट की ही संभावना रहेगी। सन 2023 में अप्रैल में अधिकतम तापमान 40 की सीमा के ऊपर नहीं गया था। 18 अप्रैल 2023 को अप्रैल का उच्चतम अधिकतम 39.8 था। जबकि 2022 में अप्रैल के 15 दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इस के ऊपर रहा था।

# चोरी की बाईक के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

चोरी की बाइक के साथ गांधीनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार रईस अंसारी अजिरमा का रहने वाला है। 16 अप्रैल को इसकी बाइक अजिरमा स्थित दुकान के बाहर से चोरी हो गई थी। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अंकित यादव उम्र 23 वर्ष निवासी सुभाषनगर गांधीनगर हाल मुकाम माईनस कॉलोनी बिश्रामपुर सूरजपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# 35 लीटर शराब के साथ महिला व पुरूष गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।


आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम ने गंगापुर एक महिला व पुरूष के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। टीम ने दोनों आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि गंगापुर निवासी अनिल राम व पार्वती काफी दिनों से महुआ शराब तैयार कर बिक्री कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर टीम ने 19 अप्रैल को दोनों के घर छापेमारी कर 35 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पावर्ती के कब्जे से 15 व अनिल राम के कब्जे से 20 लीटर शराब जब्त किया गया है। टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2) एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, आरक्षक रमेश दुबे, रामाधार कुशवाहा, कुमारूराम, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडेय एवं महिला सैनिक राजकुमारी उपस्थित रहे।

CMYK

# अमेरिकी राजनयिक ने आम चुनाव को बताया लोकतंत्र का महाकुंभ, चुनावी प्रक्रिया के लिए भारतीयों को दी बधाई

**न्यूयार्क,19 अप्रैल 2024।** यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल कश्यप ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारत के लोगों को बधाई देते हुए देश के राष्ट्रीय चुनाव को लोकतंत्र का महाकुंभ मेला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ एक पोस्ट भी लिखा।

अतुल कश्यप ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के महान लोगों को हार्दिक बधाई। पहले चरण के मतदान के साथ मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। 940 मिलियन मतदाताओं और 1.2 मिलियन मतदान केंद्र के साथ भारत का राष्ट्रीय चुनाव लोकतंत्र का महाकुंभ है।



बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत आज से हो चुकी है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान हुआ। 19 अप्रैल से लेकर एक जून तक होने वाला यह लोकसभा चुनाव देश के पहले आम चुनाव के बाद दूसरा सबसे लंबा मतदान अभ्यास है। देश का पहला मतदान सितंबर 1951 से लेकर फरवरी 1952 यानी की पांच महीनों के लिए आयोजित किया गया था।

2019 लोकसभा चुनाव भी सात चरणों में ही आयोजित किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस लोकसभा चुनाव में फिर से एक बार जीत हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने 400 से भी ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है। देशभर में पहले चरण में मतदान करने वाले राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, और पुडुचेरी का नाम शामिल है। लोकसभा चुनाव 2024 का दूसरा चरण 24 अप्रैल को होगा और बाकी के चरण 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को होंगे। चुनाव के नतीजे चार जीन को जारी होंगे।

# फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाई रोक,बताई इसकी वजह


**वाशिंगटन,19 अप्रैल 2024।** फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। गुरुवार को 15 देशों वाली परिषद ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर वोटिंग की। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 परिषद सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वहीं स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन वोटिंग में शामिल नहीं हुए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका द्वारा इस प्रस्ताव को वीटो कर दिया गया, जिससे यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। अभी फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। साल 2012 में फलस्तीन को यह दर्जा दिया गया था। इसके तहत फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन किसी प्रस्ताव पर वोट नहीं कर सकते। फलस्तीन के अलावा वेटिकन सिटी भी संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है।



### अमेरिका ने प्रस्ताव पर वीटो लगाने की बताई ये वजह

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने वीटो पावर के इस्तेमाल पर सफाई देते हुए कहा कि अमेरिका ये मानता है कि फलस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सबसे सही रास्ता इस्राइल और फलस्तीन के बीच सीधी बातचीत ही है, जिसमें अमेरिका और अन्य सहयोगी देश मदद करें। अमेरिका का ये वोट फलस्तीन को अलग देश का दर्जा देने के खिलाफ नहीं है, लेकिन हमारा मानना है कि यह दोनों पक्षों में सीधे बातचीत के जरिए ही होना चाहिए। रॉबर्ट वुड ने कहा कि हमने लंबे समय पहले कहा था कि फलस्तीन को देश का दर्जा पाने के लिए कई संशोधन करने होंगे। अभी गाजा में एक आतंकी संगठन हमास सत्ता में है और प्रस्ताव में हमास को फलस्तीन का अभिन्न अंग बताया गया है। इस वजह से अमेरिका ने प्रस्ताव पर वीटो किया है। वुड ने बताया कि 7 अक्तूबर को इस्राइल पर हुए हमले के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ किया था कि क्षेत्र में दो देशों के प्रस्ताव से ही शांति आ सकती है। एक लोकतांत्रिक यहूदी राष्ट्र की सुरक्षा और भविष्य के लिए इससे दूसरा रास्ता नहीं है। फलस्तीनियों के शांति से रहने का भी दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

# इस्राइल की ईरान पर जवाबी कार्रवाई,दागी मिसाइलें, एयरपोर्ट पर हुए धमाके, रिपोर्ट में दावा



**वॉशिंगटन, 19 अप्रैल 2024।** बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। अब खबर आई है कि इस्राइल ने भी पलटवार किया है और ईरान पर मिसाइलों से हमला किया है। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के हवाले से अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। ईरान के एयरपोर्ट पर तेज धमाके की आवाज सुनी गई है। ईरान की फारस न्यूज एजेंसी ने भी दावा किया है कि ईरान के शहर इस्फहान के एयरपोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई है। हालांकि विस्फोट की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। गौरतलब है कि ईरान के कई परमाणु ठिकाने इस्फहान प्रांत में ही स्थित हैं, जिनमें ईरान में यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी यहीं पर मौजूद है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के हवाई क्षेत्र में कई फ्लाइट्स के मार्ग बदले गए हैं।

### बीते दिनों ईरान ने बोला था इस्राइल पर हमला

बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोन्स इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाई थी। दरअसल ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया था। इसी हमले के जवाब में ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था। हमले के बाद ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर इस्राइल ने उन पर हमला किया तो वे और ताकत के साथ पलटवार करेंगे।

### पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका

ईरान और इस्राइल के बीच तनाव का यह मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उठा था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में इस्राइल ने मांग की थी ईरान की सेना को आतंकी संगठन घोषित किया जाए। वहीं ईरान ने इस्राइल को चेताया था कि अगर उसने ईरान पर हमले की कोशिश की तो उसके नतीजे गंभीर होंगे। ईरान ने अमेरिका से भी दोनों देशों के बीच न आने की चेतावनी दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दोनों देशों से अपील की थी कि वे शांति से मामला निपटाएं क्योंकि पश्चिम एशिया एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है। कई विशेषज्ञों ने आशंका जताई है।

# भारी बारिश से दुबई की सड़कों पर सैलाब,भारतीय दूतावास की सलाह-जरूरी न हो तो यात्रा करने से बचें

**अबू धाबी, 19 अप्रैल 2024।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई ) और ओमान में आए तूफान से रिकॉर्ड बारिश हुई। इससे यहां हालात बद से बदतर हो गए हैं। पूरे शहर में पानी भरा है। यातायात ठप हो गया और लोग अपने घरों में फंस गए। इतना ही नहीं, दुबई से दिल्ली आने-जाने वाली कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इस बीच, यूएई में भारत के वाणिज्य दूतावास ने दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले या वहां से जाने वाले भारतीय यात्रियों को सलाह दी कि जबतक हालात सामान्य नहीं हो जाते, तबतक यात्रा करने से बचें।



### 24 घंटे काम कर रहे

इस सप्ताह रिकॉर्ड बारिश के बाद दुबई और आसपास के इलाकों में बाढ़ आ गई थी। इससे यहां के लोग उबरने की कोशिश कर रहे हैं। दूतावास ने शुक्रवार को जारी एडवायजरी में कहा कि अधिकारी परिचालन को सामान्य करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। वहीं, हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सलाह दी है कि यात्री उड़ानों के समय के बारे में संबंधित एयरलाइनों से पुष्टि होने के बाद ही हवाई अड्डे पर आएं।

### कई जगह पानी भर गया

दूतावास ने कहा, इस सप्ताह की शुरुआत में यूएई में भारी बारिश होने के कारण कई जगह पानी भर गया। हालातों को देखते हुए दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अस्थायी रूप से आने वाली उड़ानों की संख्या को सीमित कर दिया।

### यात्रा से बचने की सलाह दी जाती

उम्मीद की जा रही है कि दुनिया का सबसे व्यस्त दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 24 घंटे के भीतर सामान्य स्थिति में आ जाएगा। दूतावास ने एडवायजरी में कहा, दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले या जाने वाले भारतीय यात्रियों को यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। गैर जरूरी यात्रा को फिर से निर्धारित करने की भी सलाह दी गई है।

भारत के वाणिज्य दूतावास ने यह भी बताया कि वहां रहने वाले भारतीय मौसम संबंधी आपात स्थितियों के लिए +971501205172, +971569950590, +971507347676, और +971585754213 संपर्क कर सकते हैं।

# करांची में आतंकियों की आत्मघाती साजिश नाकाम, निशाने पर थी वैन,बाल-बाल बचे जापान के पांच नागरिक

**इस्लामाबाद, 19 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान आजकल आतंकवादियों के निशाने पर है। यहां आए दिन हमले हो रहे हैं। कभी सेना तो कभी नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में, सिंध प्रांत में शुक्रवार को पांच जापानी नागरिकों को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों ने एक आत्मघाती हमला करने की कोशिश की। हालांकि, शुक्र रहा कि सभी नागरिक सही सलामत बच निकले।

पूर्वी के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजफर महेसर ने बताया कि लांधी में मुर्तजा चोरांगी के नजदीक मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने जापानी नागरिकों की वैन को टक्कर मारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि सभी पांच जापानी नागरिक सुरक्षित हैं। हालांकि, उनके साथ मौजूद निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जापान के नागरिक क्लिफ्टन के जमजामा स्थित अपने घर से कहीं जा रहे थे।

### आतंकवादी ने खुद को उड़ाया

आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के डीआईजी आसिफ एजाज शेख ने बताया कि जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ एक वैन में यात्रा कर रहे थे। तभी आतंकवादियों ने उनके वाहन को निशाना बनाने की कोशिश की।



अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा गार्डों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब जाने की कोशिश में खुद को उड़ा लिया।

डीआईजी शेख ने बताया कि जापानी नागरिकों को ले जा रहा वाहन बुलेट प्रूफ था। इसलिए सभी सुरक्षित हैं। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि तीन घायलों, दो सुरक्षा गार्ड और एक राहगीर को अस्पताल लाया गया जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अस्पताल ने पुष्टि की कि किसी विदेशी को इलाज के लिए नहीं लाया गया था। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे। बता दें, कराची पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर और दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी है।

### इन लोगों ने की निंदा

सिंध के परिवहन मंत्री शरजील इनाम मेमन ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई ने आतंकवादियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। आतंकवादियों की नापाक हरकतों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

वहीं, सिंध के राज्यपाल कामरान टेसरी ने आत्मघाती हमले की निंदा की और घटना पर एक रिपोर्ट मांगी। राज्यपाल ने कहा कि शहर में आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना के पीछे के उद्देश्यों का पता लगाने और मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए कहा।

चीनी नागरिकों पर हमले तेज हुए

छोटे अलगाववादी समूहों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से संबंधित परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमले तेज कर दिए हैं।



# ईरान की वायु-रक्षा प्रणाली ने मार गिराईं इस्राइली मिसाइलें ? ड्रोंन भी किए तबाह,10 बिंदुओं में जानें

**तेहरान,19 अप्रैल 2024।** बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों और ड्रोंन से हमला किया था। अब खबर आई है कि इस्राइल ने भी पलटवार किया है और ईरान पर मिसाइलों से हमला किया है। वहीं, ईरान ने हमलों की खबर के बीच आज सुबह अपनी वायु-रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया। आइए जानते हैं कि अबतक क्या कुछ हुआ है-

ईरान ने हाल ही में इस्राइल पर हमला किया था। अब इस्राइल ने इसका जवाब दिया है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, इस्राइल ने ईरान के खिलाफ जवाबी हमला किया है।

इस्राइल के हमले के बाद ईरान ने अपनी वायु-रक्षा प्रणाली को कई शहरों में सक्रिय कर दिया है। राज्य मीडिया ने दावा किया है कि ईरान के शहर इस्फहान के एयरपोर्ट में धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं।

ईरान के कई परमाणु ठिकाने इसाफान प्रांत में ही स्थित हैं, जिनमें ईरान में यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी यहीं पर मौजूद है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के हवाई क्षेत्र में कई फ्लाइट्स के मार्ग बदले गए हैं।

कुछ मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मिसाइलें दागी गई थीं। जबकि ईरान का कहना है कि उन्होंने कई ड्रोंस को मार गिराया, लेकिन फिलहाल कोई मिसाइल हमला नहीं हुआ है।

ईरान की अंतरिक्ष एजेंसी के प्रवक्ता हुसैन डालिरियन ने एक्स पर कहा, देश की वायु रक्षा द्वारा कई ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया गया है, अब तक मिसाइल हमले की कोई रिपोर्ट नहीं है।

ईरान में विस्फोटों की खबरों के बाद इस्राइली सेना ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन डेटाबेस पर पोस्ट किए गए एयरमैन को दिए गए नोटिस के अनुसार, तेहरान के इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सभी उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है।

ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 पर दिखाए गई उड़ान यात्रा के अनुसार, शुक्रवार तड़के ईरान के ऊपर से उड़ान भरने वाली कुछ अमीरात और फ्लाईदुबई उड़ानें हवाई क्षेत्र से अचानक डायवर्ट हो गईं।


बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोंस इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाई थीं।

दरअसल, ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया था। ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर इस्राइल ने उन पर हमला किया तो वे और ताकत के साथ पलटवार करेंगे।

# इस्राइल-ईरान में बढ़ा तनाव,मिसाइल हमलों के बाद ईरानी हवाई क्षेत्र में उड़ानें डायवर्ट

**वॉशिंगटन, 19 अप्रैल 2024।** सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए हमले को लेकर ईरान बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। अपने दूतावास पर हुए हमले की जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने इस्राइल पर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन हमले किए। ईरान की तरफ से किए गए मिसाइल हमलों से इस्राइल का माहौल गरमाया हुआ है। पलटवार करते हुए इस्राइल ने भी गुरुवार देर रात ईरान में मिसाइल हमला कर दिया।

ईरान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस्फहान शहर के हवाईअड्डे पर विस्फोट की आवाज सुनाई दी, लेकिन इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि कई परमाणु स्थल इस्फहान में ही स्थित है। हमले के बाद कई उड़ानो को ईरानी हवाई क्षेत्र में डायवर्ट किया गया।



13 अप्रैल को ईरान की तरफ से पहली बार इस्राइली क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई। हालांकि ,अधिकतर मिसाइलों को इस्राइल के बाहर ही मार गिराया गया था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बताया था कि मध्यपूर्व क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति है। इसका हवाला देते हुए ईरान ने गुरुवार को परिषद में कहा, हमारे खिलाफ कोई भी कदम उठाने से पहले इस्राइल को दस बार सोचना चाहिए।

ईरान के हमले के बाद इस्राइल ने कहा कि वह इसका जवाबी कार्रवाई करेगा। विष्लेषकों और पर्यवेक्षकों को इस बात कि चिंता है कि इस्राइल-गाजा संघर्ष अब पूरे क्षेत्र में फैल रहा है। बता दें कि पिछले साल अक्तूबर में गाजा के आतंकियों ने इस्राइल पर हवाई हमला किया था। इस हमले में इस्राइल के 1200 लोगों की मौत हो गई थी।

इस्राइली सुरक्षा बल ने पलटवार करते हुए गाजा में हमला कर दिया, जिसमें अबतक 33,000 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। बता दें कि इस्राइल-गाजा संघर्ष में ईरान समर्थित संगठन फलस्तीनी का समर्थन करते हैं। वे लेबनान, यमन और इराक से इस्राइल में लगातार हमले करा रहे हैं।

### कैसे शुरू हुआ इस्राइल-ईरान संघर्ष

एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इस्राइल पर आरोप लगा रहा है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी।

# ग्राम पंचायतों में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

» खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के द्वारा मतदान करने का दिया संदेश

» महिला मतदाताओं ने बनाई आकर्षक रंगोली, की अवश्य मतदान करने की अपील

## 50 हजार से भी अधिक मतदाताओं ने ली मतदान करने की शपथ






- संवाददाता -
बलरामपुर, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम) के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 936 टीमों के कुल 10296 खिलाड़ियों के द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से दर्शक के रूप में उपस्थित लगभग 41 हजार से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के लिए सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में तृतीय चरण में 07 मई 2024 को मतदान होना है। जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियों के द्वारा लोगों को मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

बलरामपुर हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में युवा मतदाताओं को शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एन.के. देवांगन एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मतदान तिथि को अनिवार्य मतदान करने के लिए मतदान की शपथ दिलाई और साथ ही उन्हें अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करने को कहा। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले महिलाओं द्वारा खेल मैदान में फूलों से आकर्षक रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया और प्रतियोगिता में शामिल हुई।


प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सभी ग्राम पंचायतों में भी प्रतियोगिता के दौरान महिलाएं एवं युवा मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जिला प्रशासन की इस अनोखी पहल को साकार रूप देते हुए अपने-अपने ग्राम पंचायतों में लोगों को शपथ दिलाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# पहले मतदान फिर जलपान की थीम पर मेहंदी प्रतियोगिता



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान कमेटी एवं सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर के बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं नोडल अधिकारी श्रीमती रानी रजक के नेतृत्व में शुक्रवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका थीम पहले



मतदान फिर जलपान हैं। उस पर प्रशिक्षणार्थियों ने मेंहदी बनाकर मतदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया। मेंहदी के माध्यम से महिला मतदाताओं को जागृत करने का प्रयास किया गया।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने बताया कि देखा जाता है की महिलाएं अपने घर के कामों, जलपान की व्यवस्था करने के कारण मतदान करने नही जाती है और सोचती हैं कि एक मत से क्या होता है ऐसी महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मेहंदी का प्रयोग किया गया। इस दौरान समस्त बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों ने लोगों को अपने सारे काम छोड़ कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 02 कर्मचारी निलंबित

- संवाददाता -
बलरामपुर, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 नियुक्त कर विकासखण्ड स्तर पर मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड राजपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदीकला के व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा, पीठासीन अधिकारी व शासकीय प्राथमिक शाला करंवा के प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा, मतदान अधिकारी क्रमांक 01 बगैर सूचना के अनुपस्थित रहे। उनके द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती गयी। उनके इस कृत्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का के द्वारा व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा व प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा का लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13गग, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 (1), (1क) (2) (3) एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 एवं 7 के विपरीत होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन कर्मचारियों का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय बलरामपुर नियत किया गया है तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# कलेक्टर सरगुजा की कार्रवाई, छात्राओं को आपत्तिजनक संदेश भेजने वाले बीआरपी को नोटिस जारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर सरगुजा द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए छात्राओं को आपत्तिजनक संदेश भेजने वाले बीआरपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा कड़े शब्दों में संविदा नियुक्ति समाप्त करने के संबंध में उल्लेख करते हुए जवाब पत्र प्राप्ति के पांच दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा गया है। गौरतलब है कि नीट कोचिंग कर रही चार छात्राओं द्वारा समस्त विद्यार्थियों के आवासीय व्यवस्थाओं में संलग्न बीआरपी(समावेशी शिक्षा) अनिलेश सिंह के विरुद्ध अभद्रता और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजे जाने की शिकायत की गई थी।

कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस में समय सीमा में जवाब अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने कहा गया है, अन्यथा उक्त के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय,अंबिकापुर की छात्राओं ने लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान हेतु ली शपथ

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।





लोकसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत लगातार मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय,अंबिकापुर में संस्था की प्राचार्या श्रीमती वृत्ति सोनी द्वारा छात्राओं को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्या ने सभी छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया तथा मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ लेने से पूर्व मतदान के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि हमें 7 मई 2024 को मतदान अवश्य करना है और अपने परिवार के सदस्यों, परिजनों, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो, उन्हें मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिला साक्षरता मिशन के सदस्य सुजीत जायसवाल ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर एक वोट जरूरी है, मतदान की प्रक्रिया से ही लोकतंत्र और राष्ट्र मजबूत होता है।

इस दौरान महाविद्यालय के सह प्राध्यापक श्रीमती फगनी, श्रीमती दीप्ति व नैन्सी दास कुशवाहा एवं समस्त सहायक प्राध्यापक गण, प्रदर्शक गण एवं लाइवलीहुड परिसर के प्रशिक्षण गण एवं जिला साक्षरता मिशन से नारायण भगत मौजूद रहे।

# मतदाताओं को हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जा रहा है प्रेरित



- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसर तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत छिपछिपी, साल्ही में ग्रामीणों को हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान करने प्रेरित किया गया। जनपद सीईओ ने मौके पर नैतिक मतदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह के दबाव या प्रलोभन में आये बिना नैतिक मतदान करना जरूरी है इसके साथ उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया गया कि मतदान दिवस को पास-पड़ोस के लोगों और रिश्तेदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मतदान हस्ताक्षर अभियान में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित एनआरएलएम के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

# कलेक्टर ने सेक्टर प्रभारियों से मतदान केंद्रों के बारे में ली जानकारी





- संवाददाता -
कोरिया, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से विनय कुमार लंगेह ने आज क्लेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों के सेक्टर प्रभारियों से मतदान पूर्व समुचित व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की।

» प्रत्येक मतदान केंद्रों में पृथक-पृथक महिला-पुरूष शौचालय कक्ष

» दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की होगी व्यवस्था

» मतदान केंद्रों से मधुमक्खी के छत्ते हटेंगे, परिसर रहेगी साफ-सुथरा

सेक्टर अधिकारियों के सुझाव व बताए समस्याओं पर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला शिक्षा, जनपद पंचायत, ऊर्जा विभाग, समाज कल्याण, नगरीय निकाय सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

बता दे सभी मतदान केंद्रों में पृथक-पृथक महिला-पुरूष शौचालय कक्ष होंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में रैम्प की सुविधा व व्हीलचेयर, छड़ी आदि की व्यवस्था भी रहेगी। मतदान केंद्रों में साफ पेयजल, शौचालय, बिजली, बाउन्ड्रीवाल की व्यवस्था की गई है और जहाँ बिजली आपूर्ति की समस्या हो, वहाँ सोलर ऊर्जा के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

## मधुमक्खी के छत्ते हटेंगे, छाँव की होगी व्यवस्था

मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था भी की जाएगी। श्री लंगेह ने मतदान केंद्रों व परिसर को साफ-सुथरा रखने तथा मधुमक्खी के छत्ते को हटाने के निर्देश भी दिए हैं।






# शिक्षकों को हरी झंडी दिखाकर निकाली गई बाईक रैली

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर परिसर में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के द्वारा शिक्षकों को हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली निकाला गया और शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो को प्रेरित किया गया। रैली की शुरूआत ''बढ़ाबो ए धार जिला सूरजपुर के मान, चला संगी करबो मतदान'' नारे के साथ हुई। यह रैली प्यूरी चौक ,बाजार चौक और चांदनी चौक से होते हुए बाइक रैली सुभाष चौक तक निकाला गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया था। साथ ही मितानिन, शिक्षक, स्काउट गाइड एवं समूह के महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाया गया।




# मतदाता जागरूकता के लिए खड़गवां में 23 अप्रैल से फुटबाल मैच का आयोजन

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़, 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसर तथा स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत खड़गवां के समस्त ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए प्रतिदिन सुबह 07:00 से फुटबाल मैच का आयोजन किया जाना है। पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन 23 अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया जाना है। जनपद पंचायत सीईओ विनोद जायसवाल ने समस्त ग्राम सचिवों को इसके लिए व्यापक तैयारी कर अधिक से अधिक लोगों मतदान प्रेरित करने आग्रह किया है।

# निगम प्रशासन के सुस्त रवैये के चलते दुकानदारों ने मुख्य सड़कों में फैलाया दुकान,दुर्घटना होने की आशंका बढ़ी





**- राजा मुखर्जी -**
**कोरबा,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जिले में निगम प्रशासन के ढिलाई के कारण दुकानदारों के हौसले बढ़े हुए है,जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। बता दें कि इन दिनों शहर के किसी भी मुख्य सड़कों पर बने दुकान दारों द्वारा अपने दुकान के सामानों को सड़कों तक फैला दिया जा रहा, जिससे राहगीरों को आवाजाही में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा साथ ही ग्राहकों को भी पार्किंग व्यवस्था से वंचित होना पर रहा है। जिससे सड़कों पर आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। कई बार मीडिया के माध्यम से निगम प्रशासन का ध्यान इस ओर केंद्रित किया गया पर निगम प्रशासन के सुस्त रवैये के चलते हालत ज्यों का त्यों बनी हुई है। शहर के घंटाघर से सुभाष चौक मुख्य मार्ग की बात करें या ट्रांसपोर्ट नगर से पावर हाउस रोड की बात करें सभी जगह एक ही आलम देखने को मिल जायेगा। निगम द्वारा किसी भी तरह का ठोस कदम नहीं उठाए जाने से दुकानदारों के हौसले बुलंद होते जा रहे, जिसके निगम कर्मचारियों द्वारा समझाइश के बाद भी इन दुकानदारों द्वारा लगातार अपने दुकान के सामानों को बाहर रखा जा रहा ,जिससे कभी भी कोई अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है ,साथ ही पार्किंग स्थल पर व्यापार किए जाने से आए दिन ग्राहकों को भी अपने वाहनों को रखने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शहर के सभी मुख्य मार्गों पर बने पार्किंग स्थलों को फलों के ठेलों एवं होकरों द्वारा घेर लिया गया है, जिस पर भी निगम प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा। व्यापारियों द्वारा इस तरह से सड़क जाम करने से आम लोग भारी परेशान व आक्रोशित हैं। लोगों के द्वारा कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत भी कराया गया, लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक व्यवस्था सुधारने हेतु कोई पहल नहीं की है। अब देखने वाली बात यह है कि आखिर किसके शरण में इन दुकानदारों और ठेले गुमटियों के हौसले हो गए है बुलंद,जिसके चलते इनपर नही की जा रही कार्यवाही या फिर निगम प्रशासन को है किसी बड़े दुर्घटना का इंतजार ?




## मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा किया गया दीवारों पर नारा लेखन

**- संवाददाता -**
**कोरबा,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम दोंदरो में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा सामूहिक मतदान शपथ ली गई तथा गांव में मतदान जागरूकता रैली निकालकर मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की छात्राओं द्वारा दीवारों पर नारा लेखन किया गया। इसके साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं की भूमिका को आवश्यक बताया गया।

## कुसमी पुलिस ने लिपिक के घर से चोरी किये गये गहने विधि से संघर्षरत बालक से बरामद की

**- संवाददाता -**
**कुसमी,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

तहसीलपारा शासकीय आवास में निवास कर रहे लीपिक रामअवतार खलखो के घर 23 मार्च 2024 को दरवाजा तोडकर हुई सोने चांदी के गहनें नगद रुपये समेत कुल 349500रुपये की चोरी के मामले का पुलिस नें किया खुलासा , मामले में विधि से संघर्षरत बालक से पैसा तो नही मिल सका लेकिन सोने चांदी की जैवरात पुलिस नें बरामद किया है, गौरतलब है कि जब कुसमी थाने मे मामले की शिकायत लीपिक नें की तो पुलिस नें मामले पर अपराध दर्ज कर मामले की जानकारी बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डाँ लाल उमेद सिंह को दी और फिर एसपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी इम्मानुएल लकडा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल नें टीम गठन कर तहकीकात शुरु की तो 18 अप्रैल 2024 को थाना प्रभारी को मुखबीर से सुचना मिली की एक लडके को फोन से गहने बैचने की बात करने की जानकारी मिली है थाना प्रभारी नें विरिष्ठ अधिकारीयो के मार्गदर्शन पर उक्त लडके तक पुलिस पहुच गई तो पुलिस को पता चला की लडका विधि से संघर्षरत बालक है जिसपर उससे पुछताछ किया गया तो पता चला की सुनसान मकान देखकर उसने बांउड्री से फादकर दरवाजा तोडकर अलमारी से 02 नग मंगलसुत्र 01 नग सोने का चैन,04नग सोने का लाकेट ,04 नग सोने का बाली,06 नग सोने का पायल , 02 नग बच्चो का चांदी का पायल,15 नग चांदी का बिछिया,01 नग चांदी का बच्चे का कडा समेंत 70 हजार नगद चोरी करना कबुल किया, नगद पैसे से सैमसंग मोबाईल खरीदा खाने पीने और घुमने में पैसा खर्च कर दिया और जैवर को एक टीफिन में भरकर अपने घर के आगन में गडढे को खोदकर गाढ दिया है, पुलिस नें उक्त जगह से सोने चांदी के जैवर बरामद कर विधि से संघर्षरत बालक पर कार्यवाही करते हुये उसे माननीय अध्यक्ष किशोरबोर्ड रामानुजगंज भेज दिया है,कार्यवाही में थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल, प्र.आरक्षक दीपक बडा ,सुकेश एक्का, प्रांजुल कश्यप, आरक्षक मृथा आनंद बखला को विशेष योगदान रहा।



## बालको के परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक भारी वाहनों के परिचालन का समय किया गया निर्धारित

**- संवाददाता -**
**कोरबा,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने बालकों के परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक भारी वाहन परिचालन के संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इस मार्ग पर सुबह 7 से 9 और शाम 5 से 7 बजे तक भारी वाहन के आवागमन/परिचालन में प्रतिबंध रहेगा। वही इस मार्ग में गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घण्टा निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि बालकों के परसाभाठा चौक के पास हुई दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त बैठक दिनांक 14.04.2024 को आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रशासन, बालको प्रबंधन एवं स्थानीय निवासी से परामर्श के पश्चात सर्व सम्मति से निर्णय के आधार पर एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम - 215 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से बालको परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक सभी प्रकार के भारी वाहनों के आवागमन को समयावधि प्रातः 07:00 बजे से प्रातः 09:00 बजे तक एवं शाम 05:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 217 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से बालको परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक संचालित सभी प्रकार के भारी वाहनों की अधिकतम गति सीमा 30 कि.मी. प्रति घंटा निर्धारित किया गया है।



**लोकसभा निर्वाचन 2024**

## मोबाइल में स्टीकर लगाकर शासकीय सेवकों ने बताया मतदान का महत्व

» कोरिया में हो रहा है अनोखा मतदाता जागरूकता अभियान

» मतदान का इंतजार है... कोरिया तैयार है...

**- संवाददाता -**
**कोरिया,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बस्तर सहित देश के विभिन्न राज्यों में 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण का चुनाव हो रहे हैं। कोरिया जिले में तृतीय चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होगा। इसके पहले आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित तमाम जिला अधिकारी, विभिन्न मतदान केन्द्र के सेक्टर प्रभारियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत ''आओ चले वोट करें रू वोट करें गर्व करें'', श्मतदान का इंतजार है, कोरिया तैयार है जैसे स्लोगन वाले स्टीकर अपने-अपने मोबाइल कव्हर में लगाकर एक अनोखी मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिए। स्टीकर में 'कड़ी लोकतंत्र की टूटने न पाए रू एक भी मतदाता छूटने न पाए' भावपूर्ण स्लोगन जहाँ आम मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करेगी। स्वीप कार्यक्रम के तहत यह स्टीकर मोबाइल के अलावा बाइक, स्कूटी में भी लगाया जा सकता है ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता बढ़चढ़कर हिस्सेदार बने।

विदित ही हैं कि स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना बहुत आवश्यक है तो मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है। इसीलिए कोरिया जिला निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार शत- प्रतिशत मतदान हो इसके लिए अलग-अलग विधाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।







## शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीन रिक्त 12 सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर , 19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीन रिक्त 12 सीटों में प्रवेश हेतु भर्ती प्रक्रिया के सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बताया गया कि प्रवेश पंजीयन फार्म कन्या क्रीड़ा छात्रावास अम्बिकापुर में 01 मई से 20 जून तक कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किए जा सकेंगे।चयन प्रक्रिया प्रातः 7:00 बजे से दिनाक 25 जून एवं 26 जून को प्रारंभ होगी।चयन मेरिट के आधार पर होगा, मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 01 जुलाई को मध्यान्ह पश्चात होगा, सीटें रिक्त होने पर मेरिट क्रम से भरी जाएंगी। छात्राओं को चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा एक फोटो की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिए खेल अधिकारी क्रीडा परिसर अम्बिकापुर के मोबाईल नम्बर 79998-45660 एवं अधीक्षिका, कन्या क्रीड़ा परिसर अंबिकापुर 98931-61535 पर कार्यालयीन अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

## 03 लोगों के विरूद्ध कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा की गई जिला बदर की कार्यवाही

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने प्रशासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन सहित सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने विशेष निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मयंक यादव आत्मज बृजकिशोर यादव उर्फ बीजू वाड्रफनगर, चौकी एवं तहसील वाड्रफनगर, प्रशांत विश्वास उर्फ छोटू बंगाली आत्मज स्व. शांति ग्राम सागरपुर, चौकी गणेशमोड़, तहसील बलरामपुर एवं कोंदा उर्फ सुंदर आत्मज राजाराम यादव ग्राम खुखरी, चौकी बरियों, तहसील राजपुर को 06 माह की अवधि के लिए जिले से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त व्यक्तियों को जिला बलरामपुर-रामानुजगंज तथा सीमावर्ती राजस्व जिला सरगुजा, कोरिया, जशपुर तथा सूरजपुर की सीमा से आदेश दिनांक 19 अप्रैल 2024 से 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर की कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा मंयक यादव, प्रशांत विश्वास उर्फ छोटू बंगाली एवं कोंदा उर्फ सुंदर के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के प्रावधानों के तहत (जिला बदर) कार्यवाही करने का प्रतिवेदन पेश किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक मयंक यादव, प्रशांत विश्वास उर्फ छोटू बंगाली एवं कोंदा उर्फ सुंदर को उक्त अधिनियम की धारा 5(क)(ख) के तहत (जिला बदर) कार्यवाही बावत् अनावेदक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और जवाब प्राप्त किया गया। इन्हें विधिवत सुनवाई का अवसर देते हुए अनावेदक मंयक यादव, प्रशांत विश्वास उर्फ छोटू बंगाली एवं कोंदा उर्फ सुंदर के विरुद्ध अधिरोपित आरोप की पुष्टि अभियोजन साक्ष्य और प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर होने के कारण राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत 06 माह की अवधि के लिए जिले से निष्कासित (जिला बदर) करने की कार्यवाही की गई है।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए हैं। जिस हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि 23 अप्रैल 2024 है तथा आवेदन अंतिम तिथि 17 मई को रात्रि 12.00 तक भरे जा सकते हैं। ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई 2024 तक किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा तिथि 09 जून 2024 निर्धारित है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने एवं अन्य जानकारी हेतु लिंक https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अम्बिकापुर, प्रशासकीय अधिकारी प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर एवं विकासखण्ड अंतर्गत संबंधित समस्त मंण्डल संयोजकों से प्राप्त कर सकते हैं।

## औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न इकाईयों में कार्यरत श्रमिकों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित कर दिलाई गई शपथ



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,19 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अंबिकापुर द्वारा सरगुजा जिले में औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न इकाईयों का भ्रमण करे। इकाईयों के संचालक व इकाई में कार्यरत कुशल, अकुशल व अर्द्धकुशल श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए अपने लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधी शपथ दिलाया गया।

### जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि

मतदाता जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम में अर्धशासकीय औद्योगिक संस्थान अंबिकापुर, औद्योगिक क्षेत्र गंगापुरखुर्द एवं जिले में स्थापित अन्य औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों को शपथ दिलाने के साथ मतदान दिवस 07 मई को औद्योगिक संस्थानों में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को संवैतनिक अवकाश स्वीकृत किए जाने हेतु इकाईयों के संचालक को निर्देशित किया गया है।

**न्यायालय श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायधीश वर्ग -1 महोदय अंबिकापुर जिला - सरगुजा , (छ0ग0)**

प्रो0 क्रं0 219/ 24

व्य0 वा0क्रं0-269 अ/23

01.प्रीतम पाल आ0मिलन उम्र 37 वर्ष जाति -कायस्थ निवासी-ग्राम-सुभाषनगर थाना -गांधीनगर तहसील -अंबिकापुर जिला -सरगुजा (छ0ग0)
02. छोलन पाल आ0 स्व0 हरिलाल पाल उम्र -65वर्ष जाति -कायस्थ निवासी ग्राम-ठाकुरपुर थाना-गांधीनगर तहसील -अंबिकापुर जिला -सरगुजा (छ0ग0)
03.श्रवण कुमार दत्ता आ0 स्व0 आनंद लाल दत्ता उम्र -45 वर्ष जाति -कायस्थ निवासी -ग्राम-सुभाषनगर थाना-गांधीनगर तहसील-अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) ........आवेदकगण

प्रति

01.सुलेखा पुत्री आ0 काजल दत्ता उम्र-30 वर्ष
02.पूनम पुत्री आ0 काजल दत्ता उम्र-27 वर्ष दोनों निवासी -ग्राम-महावीरपुर पो0-राघवपुरी जिला -सुरजपुर (छ0ग0)
03.देवी पुत्री स्व0 शिवदास उम्र -55 वर्ष निवासी व थाना- चरचा तहसील -बैंकुठपुर जिला -कोरिया (छ0ग0)
04.ज्योति आ0 स्व0 शिवदास उम्र-40 वर्ष
05.क्षमा आ0 स्व0 शिवदास उम्र-55 वर्ष दोनों निवासी -एन.सी.पी.एच.काँलरी चिरमिरी जिला-कोरिया (छ0ग0) .......अनावेदकगण

इस समंस के जरिये आपको सूचित किया जाता हैं कि इस न्यायालय में तारिख 10/05/2024 को दिन के ठीक 11 बजे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से मुकदमें के बारे में हाजिर होकर जवाब दे सकें।

आपको सूचित किया जाता हैं कि आप उक्त तारिख पर हाजिर नहीं होते हैं। तो आपके गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई कर फैसला किया जायगा। यदि उक्त तिथि को न्यायालयीन काम-काज बंद रहता हैं तो ठीक पश्चात न्यायालय के अगले कार्य दिवस पर मामले की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज दिनांक 8/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा से जारी।

सील

नरेन्द्र कुमार प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
अम्बिकापुर,जिला -सरगुजा,छ0ग0

# दिल्ली कैपिटल और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला आज

» दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की चुनौती

» ऋषभ पंत की भावुक घर वापसी




**नई दिल्ली,19 अप्रैल 2024।** मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवन का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा। सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 मैच में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिये हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्रइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिये कड़ी चुनौती होगा। वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ये तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं। कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है। स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिये अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रिस्टन स्टब्स हैं। पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं। वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिये चिंता का विषय है हालांकि पहले दो मैचों में जैक फ्रेसर मैकगुर्क ने प्रभावित किया है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है। सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकॉनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी20 क्रिकेट में अच्छा माना जायेगा। जयदेव उनादकट और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। वहीं स्पिनर मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद भी प्रभावित नहीं कर सके। अगर दिल्ली को लक्ष्य का पीछा करना है तो उसकी नजरें सनराइजर्स को 210 . 220 के स्कोर पर रोकने पर होगी।

**सनराइजर्स हैदराबादः-** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**दिल्ली कैपिटल्सः-** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हार्दिक पांड्या पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**मुल्लांपुर,19 अप्रैल 2024।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने यह जानकारी गुरुवार को दी। बीसीसीआई ने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। जिसमें बताया गया है कि इस सीजन में टीम मुंबई की यह पहली गलती थी, इसलिए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। बात अगर मैच की करें तो 193 रनों का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा ने 25 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए और मुंबई ने 9 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया।



एमआई वर्तमान में सात मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

## गुकेश को फिर संयुक्त बढ़त




### प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर

**नई दिल्ली,19 अप्रैल 2024।**भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढत बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया।गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7 . 5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि गुजराती के पांच अंक है। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिये शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4 . 5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला। रूस की कैटरीना लागनो ने चीन की टी लेइ को ड्रॉ पर रोका। भारत की कोनेरू हम्पी ने रूस की अलेक्जेंड्रा गारियाश्किना से ड्रॉ खेला जबकि आर वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना एम को हराया। तान के आठ अंक है और लेइ उनसे आधा अंक पीछे हैं। हम्पी , लागनो और गोरियाश्किना छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। वैशाली 5 . 5 अंक के साथ छठे स्थान पर है। सत्रह वर्ष के गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 1959 में बॉबी फिशर सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे जिन्होंने यह टूर्नामेंट खेला।

## धाविका शालू चौधरी को क्लीन चिट

### डीएनए टेस्ट से नमूना दूषित होने का खुलासा

**नई दिल्ली,19 अप्रैल 2024।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।




आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिंक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा ,'' मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।''

इसने कहा ,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।''

पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

## सुपर योद्धा बनकर हनुमान फेम एक्टर तेजा सज्जा करेंगे दुश्मनों का सर्वनाश




तेलुगू सिनेमा की पैन इंडिया फिल्म हनुमान फेम एक्टर तेजा सज्जा एक बार फिर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने आ रहे हैं। हनुमान की सक्सेस के बाद हाल ही में उनकी नई फिल्म का एलान किया गया था। एक्टर की फिल्म के नाम, एक्टर के फर्स्ट लुक से पर्दा हट गया है और साथ फिल्म का धांसू टीजर भी रिलीज हो गया है। तेजा सज्जा की नई पैन इंडिया फिल्म का नाम मिराय है, जो एक सुपरयोद्धा सम्राट अशोक की कहानी है। यह एक एडवेंचर्स फिल्म है, जो हनुमान जैसा मजा देने वाली है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को तेलुगू के साथ-साथ तमिल, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्टर तेजा सज्जा ने बीती 15 अप्रैल को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा था,मास्टर क्राफ्ट्समैन कार्तिक घटमनेनी और पीपूल मीडिया फैक्ट्री के साथ सहयोग कर बहुत खुश हूं, मेरी अगली फिल्म, जो एक एडवेंचर्स है और आप सभी के लिए सुपर योद्धा की ओर से सरप्राइजिंग गिफ्ट भी,जिसके टाइटल की झलक आपको को दिखेगी,आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। ऐसे अपने वायदे के पूरा करते हुए एक्टर ने अपनी नई फिल्म की झलक अपने फैंस को दे दी है। बता दें, इस फिल्म को कार्तिक घटमनेनी डायरेक्ट कर रहे हैं और विश्व प्रसाद इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। बता दें, बता दें, 28 साल के तेजा सज्जा साल 1998 से फिल्मों में एक्टिव हैं और बतौर चाइल्ड एक्टर कई फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के खिलाफ केस की फाइल बंद






बॉलीवुड स्टार नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनके परिवार के चार सदस्यों को बड़ी राहत देते हुए, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष पॉस्को (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले की शुरुआत टेलीविजन हस्ती और निर्माता, उनकी अलग पत्नी आलिया सिद्दीकी ने की थी, जिन्होंने अभिनेता और उनके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपनी रिपोर्ट में आलिया ने आरोप लगाया कि नवाजुद्दीन के भाई मिनाजुद्दीन ने 2012 में उनके परिवार की एक नाबालिग सदस्य के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। अब, कई बार तलब किए जाने के बाद भी आलिया अदालत में पेश नहीं हुईं तो विशेष न्यायाधीश रितेश सचदेवा ने रिपोर्ट स्वीकार कर ली।

कुछ हफ्ते पहले आलिया ने एक पोस्ट शेयर कर खुलासा किया था कि वह गैंग्स ऑफ वासेपुर एक्टर के साथ अपनी 14वीं सालगिरह मना रही हैं। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है। फोटो में वह नवाज और उनके बच्चों के साथ नजर आ रही हैं। ये तस्वीर नए साल के जश्न की है. %मैं अपने इकलौते साथी के साथ 14 साल के वैवाहिक आनंद का जश्न मना रहा हूं। सालगिरह मुबारक हो, उसका कैप्शन पढ़ता है। इस पोस्ट को देखकर ऐसा लग रहा है कि आलिया और नवाजुद्दीन के बीच एक बार फिर पैचअप हो गया है।आलिया ने सलमान खान के रियलिटी शो में भी एंट्री की थी। हालाँकि, बिग बॉस ओटीटी 2 में उनका सफर लंबा नहीं था। शो से बाहर आने के बाद उन्होंने नई जिंदगी की शुरुआत की।

दूसरी ओर, अभिनेता को आखिरी बार हड्डी में देखा गया था, जो ॅश्वश्व5 पर रिलीज़ हुई थी। उनकी झोली में कुछ मुट्ठी भर परियोजनाएँ हैं जिनमें नवनियत सिंह द्वारा निर्देशित नूरानी चेहरा भी शामिल है। इसके अलावा वह अदभुत, बोले चूड़ियां, सेक्शन 108 और लायन कॉलिंग की भी शूटिंग कर रहे हैं। वह अगली बार द माया टेप और ब्लैक करेंसी- द फेक करेंसी ट्रुथ अनफोल्ड्स में दिखाई देंगे।



## फिल्म वीरा धीरा सूरन का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

विक्रम, तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक। जल्द ही चियां 62 में नजर आएंगी। फिल्म ने प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा पैदा कर दी है क्योंकि इसमें बड़े पैमाने पर नायक को एक नए अवतार में दिखाया गया है और यह फिल्म निर्माता एसयू अरुण कुमार के साथ उनका पहला सहयोग है, जो चिट्ठा पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं।चियान 62 के निर्माताओं ने इसके आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की और इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया।सामी और आई जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों के स्टार विक्रम ने अपनी 62वीं फिल्म के लिए एसयू अरुण कुमार के साथ सहयोग किया है।बिग जी के निर्माताओं ने घोषणा की कि फिल्म का नाम वीरा धीरा सूरन है और एक गहन टीजर जारी किया जो प्रशंसकों को इसकी दुनिया से परिचित कराता है।इसे पंच संवादों और लड़ाई के दृश्यों के साथ एक एक्शन ड्रामा के रूप में पेश किया गया है। कलाकारों में एसजे सूर्या, सूरज वेंजारामूडु और सरपट्टा परंबराई स्टार दशहरा विजयन शामिल हैं।

## वास्तविकता दिखा रहे हैं वेब सीरीज और डिजिटल प्लेटफॉर्म

वेब सीरीज में अलंकृता सहाय का उदय- फुह से फैंटेसी जैसी लोकप्रिय वेब सीरीज में अलंकृता सहाय की भूमिकाओं पर चर्चा और मनोरंजन उद्योग में डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते चलन का विश्लेषणअलंकृता सहाय भारतीय मनोरंजन उद्योग की सबसे प्रतिभाशाली और गतिशील युवा लड़कियों में से एक हैं और हमें उनकी अविश्वसनीय विकास कहानी पर वास्तव में गर्व है। जिस तरह से वह राख से फीनिक्स की तरह उठी और सफलतापूर्वक शीर्ष पर पहुंची, वह वास्तव में कई युवा लड़कियों के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। तमाशा की दुनिया में प्रवेश करने से लेकर संगीत वीडियो और ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने तक, अलंकृता सहाय वास्तव में नियमित आधार पर जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं और विकास वास्तविक है। जबकि उन्होंने पहले हर संगीत वीडियो में अभूतपूर्व काम किया है, जिसका वह हिस्सा रही हैं। ओटीटी स्पेस में एक भूमिका जिसने उन्हें भारी मात्रा में विश्वसनीयता और सम्मान दिया, वह जियो सिनेमा की फुह से फैंटेसी में उनका प्रदर्शन था। इसने अलंकृता का एक अलग पक्ष प्रस्तुत किया जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा था। यह वास्तव में उनके लिए एक पथप्रदर्शक भूमिका थी और कोई आश्चर्य नहीं, दर्शकों के साथ-साथ निर्माता भी अब उन्हें स्क्रीन पर और अधिक अलग और विविध अवतारों में दिखाने के लिए तैयार हैं। तो, अलंकृता ओटीटी स्पेस में अपने प्रदर्शन



को कैसे देखती हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते रुझानों पर उनकी क्या राय है? इस बारे में पूछे जाने पर, अभिनेत्री ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए और लिखा,ठीक है, फुह से फैंटेसी वास्तव में मेरे लिए एक विशेष परियोजना थी। इसने न केवल मुझे जिओ सिनेमा जैसे विश्वसनीय मंच के साथ जुडने का एक अच्छा अवसर दिया, बल्कि इससे मुझे यह समझने में भी मदद मिली कि उद्योग कैसे संचालित होता है और मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है। मुझे लगता है कि शो में काम करने और अपने दर्शकों से प्यार और सम्मान पाने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि आज के समय में, एक अभिनेत्री के रूप में, आपको वास्तव में कोई हिचकिचाहट नहीं हो सकती है, दूसरे क्या सोचेंगे इसके आधार पर कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। वेब सीरीज़ और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म आज वास्तविकता का प्रदर्शन कर रहे हैं और ऐसी परियोजनाओं में भी वास्तविकता का अपना तत्व जुड़ा हुआ है, भले ही यह काल्पनिक हो। बहुत से लोग ओटीटी परियोजनाओं के बारे में बात करते हैं जो कभी-कभी बोल्डनेस और कामुक दृश्यों के मामले में अतिशयोक्तिपूर्ण होती हैं, जहां वास्तव में इसकी आवश्यकता होती है। बहुत सारा समय और आपको इसे सही भावना से लेना होगा। एक मंच के रूप में ओटीटी दिन-ब-दिन बढ़ रहा है और यही कारण है कि, देश के कुछ सबसे लोकप्रिय अभिनेता भी यहां अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।







# बस्तर में पहले चरण का मतदान हुआ सम्पन्न

## छत्तीसगढ़ में पहले चरण का चुनाव संपन्न,रात 9 बजे तक 63.78 प्रतिशत मतदान,बीजापुर में सबसे कम वोटिंग

**रायपुर,19अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में पहले चरण का लोकसभा चुनाव खत्म हो चुका है। रात 9 बजे तक 63.78 प्रतिशत मतदान हुआ है। बीजापुर में सबसे कम वोटिंग हुई है। नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदान का समय तीन बजे तक रखा गया था। इसके साथ ही बाकी मतदान केन्द्रों में शाम पांच बजे तक मतदान का समय था जो शाम 7 बजे तक हुआ।

विधानसभा क्षेत्र कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में तीन बजे तक मतदान खत्म हो गया था। नक्सल प्रभावित इलाका होने की वजह से इन विधानसभा के मतदान केन्द्रों में तीन बजे तक ही मतदान हुआ। इस दौरान जो भी मतदाता लाइन में लगे थे, उन्हें मतदान के लिए परिसर के अंदर कर गेट पर ताला बंद कर दिया गया। इन जगहों पर शाम 4 बजे तक चुनाव संपन्न हुआ। इसके अलावा जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में शाम पांच बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। जबकि बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात से शाम पांच बजे तक वोटिंग हुई। हालांकि जो भी वोटर्स लाइन में लगे थे, वो वोटिंग कर शाम साढ़े 6 बजे तक बाहर निकल गये। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, बस्तर लोकसभा के छह विधानसभा सीटों में रात 9 बजे तक सबसे कम वोटिंग बीजापुर- 41.62 प्रतिशत हुई है। वहीं सबसे ज्यादा बस्तर में 72.81 फीसदी मतदान हुआ है। हालांकि सुबह तक फाइनल आंकड़ा आ सकता है।






### विधानसभावार रात साढ़े नौ बजे तक हुए मतदान

बस्तर- 72.81 प्रतिशत
बीजापुर- 41.62 प्रतिशत
चित्रकोट-73.49 प्रतिशत
दंतेवाड़ा -67.02 प्रतिशत
जगदलपुर-65.04 प्रतिशत
कोंडागांव-72.01 प्रतिशत
कोंटा-44.71 प्रतिशत
नारायणपुर-62.28 प्रतिशत

## चुनाव के दिन इस गांव में पसरा रहा सन्नाटा,नहीं पड़ा एक भी वोट

### नक्सली दहशत, पोलिंग बूथ तक नहीं पहुंचे गांव के 547 मतदाता

धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र हिड़मा के गांव पूवर्ती में 547 मतदाता है। आम दिनों में लोगों से गुलजार रहने वाले इस गांव में चुनाव के दिन पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है। नक्सलियों ने यहां जगह-जगह पर चुनाव बहिष्कार के नारे लिखे पोस्टर्स लगाए हुए है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़े के मुताबिक बस्तर लोकसभा में अब तक 58.14 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, बस्तर का एक ऐसा मतदान केंद्र भी है जहां एक भी वोट नहीं पड़ा। इसकी हैरान कर देने वाली वजह भी सामने आई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कड़ी सुरक्षा के बीच देशभर की 102 सीटों पर मतदान जारी है। इनमे शामिल छत्तीसगढ़ की नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर भी लोग कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग ले रहे है।





## सात समंदर पार से जगदलपुर वोट डालने पहुंचा युवा

छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट पर मतदान को लेकर वोटरों में जबरदस्त उत्साह है। इसका अंदाजा बस बात से लगाया जा सकता है कि अपने वोट का मूल्य समझते हुए एक मतदाता मतदान के लिए कनाडा से बस्तर पहुंचा। इतना ही नहीं मतदाता ने मतदान के बाद पोलिंग बूथ पर बस्तरिया अंदाज में फोटो खिचाई।

## नई नवेली दुल्हन के साथ वोट डालने पहुंचा दूल्हा

लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बस्तर लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-42 गुरिया में दूल्हा देवेश ठाकुर शादी के तुरंत बाद दुल्हन गंगोत्री ठाकुर के साथ पोलिंग बूथ पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना हमसब का कर्तव्य है, इसलिए शादी के बाद पहला काम बूथ पर मतदान करने के रूप में किया।





## पोती के साथ वोटिंग के लिए आई 86 साल की दादी

जगदलपुर में 86 वर्षीया विमला रानी शर्मा निवासी वृंदावन ने मतदान किया। उनके पुत्र अभिलाष व पोती सुरेखा उन्हें मतदान केंद्र लेकर आए। विमला देवी ने बताया, उन्होंने वयस्क होने के बाद हमेशा मतदान किया है। केवल एक बार ही बीमारी के चलते मतदान नहीं कर सकी थी।

## यूबीजीएल सेल के विस्फोट से घायल जवान हुआ शहीद



बीजापुर से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। यूबीजीएल सेल ब्लास्ट से घायल जवान के शहीद होने की खबर है। वह उसूर थाना क्षेत्र सुरक्षा कैंप गलगम से एरिया डोमिनेशन के लिए निकले थे। इस दौरान यूबीजीएल सेल के विस्फोट होने से घायल हो गए थे।घायल जवान को तत्काल बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। 32 वर्षीय देवेंद्र कुमार यूबीजीएल 196 वीं वाहिनी के जवान थे और बस्तर के धोबीगुड़ा के रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार शहीद जवान का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके गृह ग्राम में होगा। आईईडी ब्लास्ट एक और जवान घायल बीजापुर के भैरमगढ़ थाना इलाके के चिहका में आईईडी ब्लास्ट हो गया। इसमें एरिया डॉमिनेशन पर निकले सीआरपीएफ-62/श्व के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी को बाएं पैर और बाएं हाथ में चोट आई है। सीआरपीएफ जवान चिहका पोलिंग बूथ के आसपास के दायरे में एरिया डॉमिनेशन के लिए निकले थे।

## नक्सली वारदात में शहीद जवान को 30 लाख और घायल जवान को 15 लाख की दी जा रही अनुग्रह राशि

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में नियोजित सीआरपीएफ के शहीद आरक्षक देवेन्द्र कुमार के परिजनों को छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 30 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। वहीं निर्वाचन ड्यूटी के दौरान घायल सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी को 15 लाख रूपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति दी जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु अथवा घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज मतदान के दौरान शहीद और घायल जवानों के लिए नियमानुसार अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है।

# जिनकी पहचान नहीं,उन शवों को मरच्यूरी में शिफ्ट किया गया

### कांकेर पुलिस ने शिनाख्ती के बाद नक्सलियों के शवों को उनके परिजनों के हवाले किया,बस्तर संभाग के हार्डकोर नक्सलियों के नामों की पड़ताल शुरू



**रायपुर,19अप्रैल 2024(ए)।** जनकी पहचान नहीं उन शवों को मरच्यूरी में शिफ्ट किया गया है। कांकेर के छोटे बेठिया इलाके में तीन दिन पहले मुठभेड़ के दौरान मारे गए 29 नक्सलियों की शिनाख्ती के लिए पुलिस लगातार प्रयास में जुटी हुई है। इसी बीच 14 नक्सलियों की शिनाख्ती होने की खबर है। जिनकी पहचान नहीं हुई है उन शवों को मरच्यूरी में शिफ्ट किया गया है।

बताया जा रहा है नक्सलियों की पहचान होने के बाद उनके शवों को अंतिम संस्कार के लिए पुलिस ने परिजनों के हवाले कर दिया। बचे हुए शवों की शिनाख्ती बाकी है लिहाजा उनके शवों को कांकेर स्थित मरच्यूरी में रखा गया है।

जानकारी के मुताबिक कांकेर पुलिस मुठभेड़ की घटना की जांच में जुटी है। इसी बीच उच्चस्तरीय जांच आदेश होने के बाद शवों की शिनाख्ती के लिए परिजनों से संपर्क साधा गया है। कांकेर एएसपी मनीषा ठाकुर ने चर्चा के दौरान बताया कि सभी 29 नक्सलियों के शव बरामद होने के बाद एक-एक की शिनाख्ती के लिए परिजनों और संबंधित गांव के लोगों से संपर्क साधा गया है। परिचितों के सामने आने के बाद शवों का पंचानामा तैयार कर उनका पोस्टमार्टम किया गया जा रहा है। इसी बीच 14 नक्सलियों के शवों की शिनाख्ती करने में सफलता मिली है। ग्रामीणों और उनके परिजनों के बारे में पता लगने के बाद शवों को अंतिम संस्कार के लिए रवाना किया गया है। मरच्यूरी में बचे हुए शवों की शिनाख्ती के लिए ग्रामीणों व परिजनों से संपर्क की कोशिश चल रही है।



## मारे गए लोगों के नाम जारी

- शंकर कामरेड डीवीसी निवासी जिला वारंगल
- बदरू, करिगुंडम
- अनिता, पूर्व बस्तर खोन्डोम
- विनोद, मानपुर
- रीता, मानपुर
- रमेश ओयम,भैरमगढ़
- बचनु, गंगालूर
- सुरेखा, गढ़चिरौली महाराष्ट्र
- कविता, नेण्डूर
- रजिता, आदिलाबाद
- भूमे, दक्षिण बस्तर अपेल गाँव
- कार्तिक, पश्चिम बस्तर मरूम गाँव
- रोशन, दरभा डिविजन्
- देवाल, गंगालूर पिडिय़ा
- दिनू गुड्ड, दुरदा
- अन्वेश, दक्षिण बस्तर उकूड़
- जनिला उर्फ़ मोदी कोवादी, बस्तर कोरेन्जेड़
- संजिला मडक़म, बस्तर करका
- गीता ,ताकिलोड इंद्रावती
- राजू कुरसाम, परकेली
- शर्मिला, इंद्रावती बटवेड़ा
- सुनिला, इंद्रावती रेकावाई
- शंतिला, उत्तर बस्तर कुम्डीगुड़ा
- पिन्टो, गटूम
- वजनात, उत्तर बस्तर वटेकल
- शीला, इंद्रावती ऊतला
- जैनी, उत्तर बस्तर वटेकल

### मृत नक्सलियों के नामों की सूची जारी

कांकेर के छोटे बेठिया के जंगल में मारे गए नक्सलियों के नाम जारी किए गए हैं। माओवादी संगठन की ओर से प्रवक्ता रामको की ओर से जारी सूची में 29 में से 27 नक्सलियों के नाम शामिल हैं। माओवादियों का आरोप है मुठभेड़ के बाद प्रचार किए जा रहे नाम सही नहीं है, जिसके चलते बहुत लोगों पशोपेश में हैं।

### सर्चिंग ऑपरेशन से फोर्स की वापसी

पुलिस विभाग के मुताबिक डीआरजी और एसटीएफ की मदद से छोटे बेठिया के माड़ इलाके में बुधवार से सर्चिंग अभियान की शुरूआत की थी। मारे गए नक्सलियों के शव बरामद होने और घटनास्थल से हथियार बरामद होने के बाद फोर्स ने वापसी कर ली है। अफसरों के मुताबिक मारे गए सभी नक्सली यूनिफार्म पहने हुए थे। ऐसे में किसी भी ग्रामीण के हताहत होने की खबरें बिल्कुल निराधार है। मारे गए सभी लोग नक्सली संगठन से ही जुड़े थे।

# बिरयानी सेंटर मारपीट मामले के 6 आरोपियों को 26 अप्रैल तक एसडीएम कोर्ट ने भेजा जेल

**रायपुर,19अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र में स्थित बिरियानी सेंटर के 6 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया। मामलें में जानकारी देते हुए तेलीबांधा थाना प्रभरी ने बताया कि बिरयानी सेंटर में पत्रकारों से मारपीट के मामलें में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनके खिलाफ आईपीएसी की धारा 294-323-506-427-34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मगर पुलिस ने स्ष्ठरू न्यायलय में आरोपियों को आईपीसी की धारा 151 के तहत पेश किया जिसके बाद मजिस्ट्रेट ने 6 आरोपियों को 26 अप्रैल तक जेल भेजा है। डिप्टी सीएम के आदेश के बाद बिरयानी सेंटर के तीन कर्मचारियों की आज और गिरफ्तारी हुई। साथ ही होटल को भी बंद करवा दिया गया है। दरअसल, तेलीबांधा के अशोका बिरयानी के गटर में 18 अप्रैल को दो कर्मचारियों की संदिग्ध लाश मिली। पुलिस के मुताबिक दोनों साफ सफाई के लिए गटर में उतरे थे। इस दौरान दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों कर्मचारी होटल में इलेक्ट्रिशियन थे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मीडिया के साथी कवरेज करने पहुंचे। इसी दौरान अशोका बिरयानी की महिला कर्मचारियों ने बाउंसर की तरह आगे आकर पत्रकारों को कवरेज करने से रोकना शुरू किया। पत्रकारों ने कवरेज करने की बात कही तो महिला कर्मी भड़क गई और पत्रकारों से बत्तमीजी करते हुए उनसे मारपीट करने लगी।




# विदेशी बैंक में लेनदेन करता था एपी त्रिपाठी

## ईओडब्ल्यू की पूछताछ से खुलासा

**रायपुर,19अप्रैल 2024(ए)।** गुरुवार को शराब होटल के मामले में ईओडब्ल्यू के स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई । कारोबारी अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर 2 में तक जेल भेज दिया गया। वही आबकारी विभाग के पूर्व अधिकारी और उपाधि त्रिपाठी को 25 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेजा गया। वही सुनवाई में अरविंद सिंह ने वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश कर कहा था कि 17 अप्रैल की रात ई ओडब्ल्यू के 5 अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट कर कागजों पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाए है।अरविंद सिंह ने कोर्ट में कहा कि वे इन सबसे तंग आ चुका है और उसने इच्छा मृत्यु की मांग की । गुरुवार को सुनवाई के दौरान ई ओडब्ल्यू के वकील ने अरुण पति त्रिपाठी की रिमांड़ मांगते हुए कहा कोर्ट में कहा गया कि शराब घोटाले मामले में जांच के दौरान एपी त्रिपाठी उनकी पत्नी और परिवार के लोगो के विदेशी बैक में एकाउंट होने की जनाकरी मिली है। जिसकी जांच करनी है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)